सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था की आमसभा की वार्षिक बैठक की अधिसूचना

दिनांक 02-02-2020, रविवार

समय : प्रातः 10.30 बजे

संस्था के सभी सदस्यों के सूचनार्थ निवेदन है कि संस्था की आगामी आमसभा की वार्षिक बैठक, 2 फरवरी 2020, रविवार को प्रातः 10.30 बजे महाराजा सूरजमल संस्थान, सी-4, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 के सभाभवन में होनी निश्चित हुई है। बैठक की कार्यसूची अधोलिखित है : -

1. सदस्यों का स्वागत
2. संस्था-सचिव द्वारा वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति
3. संस्था-कोषाध्यक्ष द्वारा ऑडिट रिपोर्ट की प्रस्तुति
4. आगामी वित्तीय वर्ष के लिए लेखा-परीक्षक की नियुक्ति
5. सदस्यों के सुझाव
6. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से
7. अध्यक्ष का भाषण
8. भोजन

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर पहुँच कर बैठक की कार्यवाही में भाग लें तथा यथोचित योगदान दें।

नोट: 1. अलग से कोई सूचना-पत्र नहीं भेजा जाएगा। यहाँ प्रकाशित अधिसूचना को ही सूचना-पत्र मानकर बैठक की कार्यवाही में भाग लेने की कृपा करें।

2. यदि कोई सदस्य अग्रिम रुप में लिखित सुझाव भेजना चाहें तो उनका स्वागत है।

दूरभाषः
011-25552667, 011-25528117

अजीत सिंह चौधरी
सचिव